हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, शनिवार 21 दिसंबर 2024


तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री


11 समाज को बाबा के पथ पर चलकर मिलेगी तरक्की : रोहित



12 भाजपा मंडल मैनपुर की जिम्मेदारी युवाओं के...






।। बाबा ॐ श्री शिव ।।
नवकार ज्वेलर्स
सच्चा सौदा ईमानदारी का
राजिम नवापारा, रायपुर
सावधान सावधान
चाइना गोल्ड से सावधान
नवकार ज्वेलर्स राजिम में अब जापानी तकनीक से युक्त सोने की शुद्धता जांचने की मशीन
जापानी तकनीक से युक्त मशीन
सोने की शूद्रता एवं कैरेट की जांच
नि:शुल्क सोने की शूद्रता जांच
चाइना गोल्ड से बचने का उपाय
नवकार ज्वेलर्स राजिम में मशीन द्वारा अपने सोने की शुद्धता की जांच करवाएं तथा यह सुनिश्चित करें की आपका सोना असली है या चाइना

अधिकृत विक्रेता :
श्री बजरंग इलेक्ट्रिकल्स
कम वोल्टेज में ज्यादा पानी देने वाला ग्रीन वेल सबमर्सिबल पंप
बस स्टैण्ड, नवापारा, मो. 98278-87946, 93400-18107
ग्रीन वेल सबमर्सिबल पंप
V4,V5,V6 एवं 50 फीट हेड वाला सबमर्सिबल पंप


## खबर संक्षेप

### विधायक साहू का क्षेत्रीय दौरा आज

**राजिम।** राजिम क्षेत्र के विधायक रोहित साहू का 21 दिसंबर को काफी व्यस्त कार्यक्रम है। निज सचिव किशोर साहू ने बताया कि दोपहर 12:30 बजे निवास स्थान राजिम से किरवई के लिए प्रस्थान करेंगे। किरवई में विकासखंड स्तरीय किसान सम्मेलन एवं लोकार्पण तथा भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे। किरवई से दोहपर 2 बजे फिंगेश्वर विकासखंड के ग्राम कोमा के लिए प्रस्थान करेंगे। ग्राम कोमा में विभिन्न निर्माण कार्यो का लोकार्पण करेंगे। 3:30 बजे कोमा से राजिम के वार्ड नं 15 नवाडीह में आयोजित श्रीमदभागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह कार्यक्रम में शामिल होंगे। 4:30 बजे क्षेत्रीय दौरा पर रहेंगे। रात 10 बजे वापस राजिम लौटेंगे।



### समय सीमा की बैठक और जनदर्शन अब सोमवार को

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने प्रति मंगलवार को ली जाने वाली समय-सीमा की बैठक और जनदर्शन को संशोधित करते हुए अब सोमवार को आयोजित की गई है। कलेक्टर जनदर्शन में जिले के दूर-दराज से आने वाले आमजन अब अपनी मांग, समस्या एवं शिकायतों से संबंधित के लिए आवेदन अब मंगलवार को निर्धारित समय में कर सकते हैं।

### पोड़ में मड़ई आज

**पांडुका।** छुरा विकास खंड के ग्राम पंचायत पोड़ में 21 दिसंबर को ग्राम पोड़ में मड़ई मेला का आयोजन किया जाएगा। रात्रिकालीन कार्यक्रम जय मां शेरावाली छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ग्राम मौलीभाठा (उड़ीसा ) कि प्रस्तुति होगी।

### मारपीट के आरोप में 2 के खिलाफ केस दर्ज

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र के ग्राम अंकोरी टाडा में मारपीट के मामले में दो लोगों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज करी गई है। ग्राम अंकोरी टाडा निवासी भुवनेशर नायक ने पुलिस को बताया कि 19 दिसंबर को उनके गांव में सामाजिक मीटिंग थी, जिसमें वह शामिल हुआ था। मीटिंग के पश्चात वह अपने घर चला गया था। आरोपी गंगाराम और नागेसर नायक के खिलाफ 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

## निरीक्षण : महिलाओं की लड़ाई रंग लाई, प्रशासन ने किया मौके का निरीक्षण

# पट्टा व प्रधानमंत्री आवास के लिए प्रशासन ने कोपरा में कराया सर्वे




हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

नगर पंचायत कोपरा की महिलाओं ने अपने अधिकारों की मांग को लेकर जो लड़ाई शुरू की थी, वह अब रंग लाने लगी है। वर्षों से आवासीय मकान का पट्टा और प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ पाने की प्रतीक्षा कर रही महिलाओं ने जब जिला प्रशासन से संपर्क किया, तो कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम विशाल महाराणा ने अपनी टीम के साथ कोपरा का दौरा किया। दिनभर के इंतजार के बाद जब दोपहर में प्रशासनिक अधिकारी कोपरा पहुंचे, तो महिलाओं और नगरवासियों ने राहत महसूस की। एसडीएम ने पैरी नगर चौक और चांदाभांठा गडाही चौक कुंवारी तालाब चौंक का निरीक्षण किया। उन्होंने महिलाओं और स्थानीय निवासियों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना। महिलाओं ने बताया कि वे दशकों से यहां निवास कर रही हैं, लेकिन पट्टा और प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ न मिलने से वे बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं।



### सर्वे कर रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंपेंगे

एसडीएम विशाल महाराणा ने कहा की हमने मौके का निरीक्षण किया है। जिन क्षेत्रों में अभी तक पट्टा नहीं दिया गया है, वहां का सर्वे कर रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंपेंगे। आगे की प्रक्रिया शीघ्र शुरू होगी।

### संघर्ष का परिणाम प्रशासन हुआ सक्रिय

कोपरा की सैकड़ों महिलाओं ने जब जिला कार्यालय में कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल से मुलाकात की थी, तो उन्होंने अपनी दशकों पुरानी समस्याएं रखीं। महिलाओं ने कहा, /"हम झोपड़ियों में रहने को मजबूर हैं। बिना पट्टे के न तो मकान बना सकते हैं और न ही सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। कलेक्टर ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए तुरंत एसडीएम और सीएमओ को कोपरा भेजने का आदेश दिया।

### स्थानीय लोगों की भागीदारी

निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत के सीएमओ श्यामलाल वर्मा, हल्का पटवारी कोमल वर्मा, ग्राम पटेला के श्यामलाल निषाद, कोटवार ईश्वर देवदास, श्रवण नागरची, जनपद उपाध्यक्ष योगेश साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष नोगेश्वर साहू, कृषि समिति अध्यक्ष मोतीराम साहू, रूपनारायण साहू, दिलीप वर्मा, दिलीप सिन्हा, बसंत पटेल, पवन साहू, नंदू सिन्हा और नरेश नवरंगे समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### उम्मीदों की किरण

प्रशासनिक निरीक्षण और सर्वे प्रक्रिया शुरू होने से महिलाओं और नगरवासियों में आशा की लहर है। महिलाएं अब इस बात का इंतजार कर रही हैं कि सर्वे रिपोर्ट के बाद उन्हें उनके हक का पट्टा और प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ कब मिलेगा। कोपरा की महिलाओं का यह संघर्ष अन्य पंचायतों के लिए प्रेरणा बन चुका है। संगठित प्रयास और दृढ़ संकल्प के जरिए उन्होंने यह साबित कर दिया कि प्रशासन को जवाबदेह बनाया जा सकता है। अब सभी की निगाहें प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं।

## हाईवे पर दो बाइक आपस में टकराई, युवक का टूटा पैर



**मैनपुर।** जिले के मैनपुर ब्लाक अन्तर्गत नेशनल हाईवे 130 सी में शुक्रवार को दो बाइक जबरदस्त भिड़ंत हुई है। इस हादसे में एक युवक का पैर फैक्चर हो गया है। घटना के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई है। लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस और एंबुलेंस को दी। घायल युवक को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार गरियाबंद जिले के एनएच 130सी पर ध्रुर्वागुड़ी से गोहरपदर पहुंच मार्ग के पास दो बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक में सवार युवक गिर गए, जिसमें एक युवक का पैर टूट गया है। घटना की जानकारी लोगों ने पुलिस और एंबुलेंस को दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से घायल युवक को देवभोग सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जिसका इलाज जारी है।

## सोरिद खुर्द में खुदाई में मिली प्राचीन मूर्ति

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम सोरिद खुर्द में नव परिक्षेत्र फिंगेश्वर अंतर्गत बने नर्सरी तालाब के किनारे मुरुम खोदाई के दौरान एक मंदिर नुमा अद्भुत आकृति पत्थर से बना हुआ मिला है। जिसकी सूचना ग्राम प्रमुख को दिया गया। इस संबंध में विचार विमर्श करवाया गया तो पता चला कि मंदिर नुमा आकृति पत्थर आखाड़ा देव के रुप में पूर्वज मानते थे जो कुछ समय से मलमा में दब गया था जो खोदाई के दौरान मिला है और यह देव अनिष्टकारी देवता बताया गया जिससे वन विभाग के नर्सरी के तालाब के सामने बीजा वृक्ष के नीचे स्थापित कर लोग पूजा अर्चना कर रहे हैं। ग्राम के युवा परमानंद निषाद ने पुरातत्व विभाग से इसकी जांच परख करने की बात कही है। वहीं कुछ महिनें पूर्व खुदाई के दौरान मंदिर नुमा आकृति पत्थर मिला था। जिसका पुरातत्व विभाग ने सुध नहीं ली और अभी भी इस मंदिर नुमा आकृति पत्थर कितने वर्ष पुराना है। अब तक पता नहीं चल पाया है। पुरातत्व विभाग के जांच के द्वारा ही इस आकृति की जांच कर कौन सी सदी का है। इसकी जानकारी विभाग ही के द्वारा हो पाएगी।





## साहू समाज की बैठक कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

■ 7 जनवरी को जयंती समारोह में शामिल होंगे मुख्यमंत्री साय

7 जनवरी राजिम भक्तिन माता जयंती समारोह की तैयारी को लेकर साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति की बैठक 22 दिसंबर रविवार को दोपहर 1 बजे साहू छात्रावास परिसर राजिम में आयोजित होगी। इस बैठक में विशेष रूप से राजिम विधायक रोहित साहू, प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, मालक साहू, रघुनंदन साहू ,महामंत्री दयाराम साहू ,हलधर साहू उपस्थित रहेंगे। बैठक में समिति के समस्त संरक्षक, विशेष आमंत्रित सदस्य, कार्यकारी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री, महासचिव, संगठनमंत्री, प्रचारमंत्री एवं समस्त प्रकोष्ठों के संयोजक एवं जिला साहू संघ रायपुर ग्रामीण, महासमुंद, धमतरी, गरियाबंद के जिला अध्यक्ष एवं समस्त तहसील एवं परिक्षेत्र नगर अध्यक्षगणों को आमंत्रित किया गया है। बैठक में 7 जनवरी को भक्त माता राजिम जयंती समारोह की ▶▶| शेष पेज 10 पर

## जिले में अब तक 562 करोड़ 83 लाख रुपए से अधिक की हुई धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



जिले में सुचारू रूप से धान खरीदी जारी

जिले में धान खरीदी का सिलसिला अनवरत जारी है। 14 नवंबर से शुरू हुए धान खरीदी अभियान में अब तक 24 लाख 46 हजार 70 क्विंटल धान खरीदी हो चुकी है। जिले में अब तक 54 हजार 903 किसानों ने 562 करोड़ 83 लाख रुपए से अधिक का धान बेच चुके है। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगा। कलेक्टर दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में धान खरीदी सुचारू रूप से जारी है। सभी समितियों में धान खरीदी के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किये गये है। जिससे पंजीकृत किसान सुविधाजनक रूप से अपना धान उपार्जन केन्द्रों में बेच रहे है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस खरीफ वर्ष के लिए गरियाबंद जिले में 90 हजार 970 किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 4662 नए किसान शामिल है। इस वर्ष 90 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 5 लाख 36 हजार 768 मेट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के धान खरीदी की चाक-चौबंद व्यवस्था की गयी हैं। जिले में अवैध धान बिक्री, खरीदी एवं परिवहन के प्रकरणों में धान जप्ती की कार्यवाही भी लगातार की गई है। किसी भी स्तर की गड़बड़ी रोकने के लिए एवं जिले में सतत निगरानी के लिए नियंत्रण कक्ष कलेक्टोरेट में बनाया गया है, साथ ही नोडल अधिकारी भी क्षेत्रों का दौरा कर धान खरीदी की व्यवस्थाओं का निरंतर जायजा ले रहे है।


बोर खनन
राजीव लोचन बोरवेल व कुणाल एग्रो राजिम
बड़ा गाड़ी खनन करें- ₹95 प्रति फुट, केसिंग - ₹350 प्रति फुट, 7 इंच वेल्डिंग - ₹250, सॉकेट- ₹300, फिल्टर - ₹1000
छोटे गाड़ी खनन करें- ₹100 प्रति फुट, केसिंग प्लास्टिक- ₹200 प्रति फुट, फिल्टर- ₹1000
100 वोल्टेज में चलने वाला पंप, साबर, एक्वा फ्लो, फ्लो मार्का उपलब्ध है।
बोर नकदी में, पंप 3 महीने के लिए उधारी में।
बोर खनन के लिए संपर्क करें-
मुकेश साहू पता- गरियाबंद रोड, सांई मंदिर के सामने
मो. 7828297607,9009541542



पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468





प्रेम रतन पैलेस & रिसोर्ट
राजिम-जिला गरियाबंद (छ.ग.)
सगाई, शादी ब्याह - बर्थ-डे पार्टी किटी पार्टी, ऑफिशियल मीटिंग, साल गिराह, फैशन शो की पूरी सुविधा
• हरा-भरा गार्डन
• शुद्ध हवा • AC रूम
• 24 घंटे उपलब्ध सुविधाएं
ठहरने की सर्वसुविधा युक्त शानदान व्यवस्था
9926133072
नया रायपुर से बहुत करीब, गरियाबंद मार्ग साईं मंदिर से चंद कदम दूर, राजिम
मो.नं. 7693040000, 8819959966, 8871500900

## खबर संक्षेप



### दुष्यंत ने राष्ट्रीय शिविर में निभाई सहभागिता

**मैनपुर।** भारत सरकार युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रलय राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में नवीन शासकीय महाविद्यालय मैंनपुर के छात्र का चयन छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधि दल में किया गया। छग राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. नीता बाजपेयी के निर्देशन व पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एलएसगजपाल द्वारा बीए अंतिम वर्ष में अध्ययनरत छात्र दुष्यंत पटेल का चयन किया गया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी सनबरसन साहू ने बताया कि उत्तरप्रदेश राज्य के बरेली स्थित महात्मा ज्योतिबा फूले विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति व परंपराओं के वैचारिक आदान-प्रदान के साथ ही एक भारत श्रेष्ठ भारत की कल्पना को साकार करने छत्तीसगढ़ के नेतृत्व के लिए गठित दल में दुष्यंत पटेल को शामिल किया गया जहां योग, बौद्धिक सत्र, परंपरागत खेलकूद, विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ अनेकता में एकता का परिचय देते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

पेज 9 का शेष...

### साहू समाज की....

तैयारी को लेकर रणनीति बनाया जाएगा एवं कार्यों का विभाजन भी किया जाएगा। भव्य शोभा यात्रा के संबंध में भी चर्चा की जाएगी। यह जानकारी महामंत्री रामकुमार साहू एवं महासचिव लोकनाथ साहू ने दी। राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ का एक प्रतिनिधि मंडल सीएम विष्णुदेव साय से मुलाकात कर जयंती समारोह में सीएम श्री साय को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। बताया कि छत्तीसगढ़ विधानसभा भवन में मुख्यमंत्री कक्ष में विधायक संदीप साहू के नेतृत्व में प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहल सिंह साहू ,उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू ,उपाध्यक्ष मोहन कुमारी साहू, विधायक रोहित साहू ,बालेश्वर साहू, इंद्रकुमार साहू ,ओंकार साहू ,प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुजीत साहू ,उपाध्यक्ष रघुनंदन साहू ,साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ,महिला प्रकोष्ठ के संयोजिका शीलू साहू ,देवकी साहू, न्याय प्रकोष्ठ के संयोजक सी बी साहू ,युवा प्रकोष्ठ के संयोजक पवन साहू ,प्रफुल्ल साहू ,दिलीप साहू ,रोहित साहू शामिल थे।

**विरोध : पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हुई झूमा-झपटी**

# आंबेडकर के खिलाफ टिप्पणी के विरोध में कांग्रेसियों ने गृहमंत्री का फूंका पुतला





हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

कांग्रेसियों ने केन्द्रीय मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया। कांग्रेस के कार्याकर्ताओं ने शाह के राज्य सभा में में दिए गए बयान को लेकर विरोध जताया ब्लॉक कांग्रेस मैनपुर द्वारा शुक्रवार को शाम 4.30 बजे मैनपुर नगर में जंगी रैली निकाल केन्द्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कार्यकर्ता बस स्टैण्ड पहुंचे और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया। इस दौरान पुलिस द्वारा पुतले को पानी डालकर बुझाने के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच जमकर झुमाझपटी हुई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा की गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के खिलाफ आपत्ती जनक टिप्पणी की गई है। उनका अपमान किया गया है। जिसे देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। भाजपा शुरु से संविधान को खत्म करने की साजिश रच रही है। कांग्रेस द्वारा गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया है।

**केन्द्रीय गृह मंत्री दें इस्तीफा**

जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम ने कहा की केन्द्रीय मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का अपमान किया है। जिसके खिलाफ आज कांग्रेस कार्यकर्ता पूरे देशभर मे आंदोलन कर रहे हैं। थोड़ी भी नैतिकता यदि केन्द्रीय मंत्री में है तो उन्हे इस्तीफा दे देना चाहिए। कांग्रेस महामंत्री गेंदू यादव ने कहा की बाबा साहेब संविधान निर्माता है देश को दिशा देने वाले महा पुरुष है। गृहमंत्री द्वारा बाबा साहब का अपमान किया गया है जिसे देश की जनता सहन नहीं करेगी। गृहमंत्री अमित शाह को पूरे देश से मांफी मांगना चाहिए और अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। इस मौके पर प्रमुख रूप से ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका कपिल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश,एनएसयुआई प्रदेश सचिव चित्रंश ध्रुव, पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष खेलन साहू,ब्लाक महामंत्री गेन्दू यादव,नेयाल नेताम, पूर्व युवा कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष शाहिद मेमन, दयाराम यादव,संतु यादव, डोमार साहू,नीरा कपिल, युवा कांग्रेस नेता तनवीर राजपूत, हरिश्वर पटेल, दुलेन्द्र नेगी, पवन जगत, रामभरोसा नेताम, लोकनाथ साहू, तीवकुमार सोनी, बृजलाल सोनवानी, चेतन सोनवानी, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे


# कुलेश्वर महादेव महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा




**नवापारा-राजिम।** श्री कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय, प्राचार्य सीएल देवांगन के मार्गदर्शन में आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ, रेड क्रॉस समिति एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ। पखवाड़े के प्रथम दिवस पर आयोजित उन्मुखीकरण कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, राजिम के काउंसलर विजय राजघाटे ने /"एड्स के कारण एवं रोकथाम/" विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। दूसरे दिन विश्व एड्स दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इसमें सनसाइज फाउंडेशन की काउंसलर सुश्री प्रीति शिंदे एवं प्रोजेक्ट मैनेजर सुश्री लोकेश्वरी विश्वकर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए एड्स की रोकथाम के उपायों और जागरूकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जागरूकता और सामूहिक प्रयासों से एड्स पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। कार्यक्रम में समर्थन संस्था की संगीता साहू, डोमन साहू एवं गुलशन साहू ने भी विद्यार्थियों से जागरूकता अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की। उन्होंने समाज के प्रति अपने दायित्वों को निभाते हुए एड्स जागरूकता में योगदान देने का संदेश दिया। पखवाड़े के अंतर्गत महाविद्यालय में संक्रमण से बचाव विषय पर निबंध लेखन, पोस्टर निर्माण, स्लोगन लेखन, भाषण एवं रंगोली प्रतियोगिताओं एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। संचालन रेड रिबन क्लब की संयोजिका नंदनी साहू सहायक प्राध्यापक, गणित द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सुश्री साक्षी मेश्राम सहायक प्राध्यापक, मनोविज्ञान, सुश्री पुष्पलता कंवर सहायक प्राध्यापक, वनस्पति विज्ञान, मोनिका साहू, पीयूषकांत भारद्वाज, पुरुषोत्तम काबरा सहायक प्राध्यापक, एवं सुश्री पल्लवी चंदन कंप्यूटर शिक्षक का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में प्राचार्य सी. एल. देवांगन क्षेत्रीय अपर संचालक, रायपुर संभाग, एसआर वड्डे, डॉ. मधुरानी शुक्ला, जितेंद्र सिन्हा, प्रेमेंद्र उपाध्याय, टिकेश्वर मरकाम, रमेश लहरे, डॉ. सरस्वती देवी बेरवंशी, डॉ. रजिया सुल्ताना, समस्त अतिथि शिक्षक, एवं समस्त कार्यालयीन स्टाफ ने भाग लिया।

# शिविर में 20 लोगों ने किया रक्तदान





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

छत्तीसगढ़ शाकम्बरी सेवा संस्थान एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत रसेला के तत्वावधान में गुरुवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रसेला में सुबह 10 से 4 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन सरपंच बिगेन्द्र ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव, ग्राम पटेल लोकराम यादव, समाज सेवी मनोज पटेल ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया। इस दौरान कुल 20 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान देने वाले महिलाएं व युवाओं में खासा उत्साह देखा गया। मौके पर सरपंच ने कहा कि ग्राम रसेला में पहली बार रक्तदान का शिविर का आयोजन हो रहा है। ऐसे रक्तदान शिविर का आयोजन समय-समय पर होते रहना चाहिए। ताकि लोगों में रक्तदान को लेकर भावना जगे तथा रक्तदान करने के लिए और भी लोगों को प्रेरित करें। उपसरपंच परमेश्वर यादव ने कहा कि हर व्यक्ति को प्रत्येक 6 महीने में रक्तदान करना चाहिए। इससे जरूरतमंद लोगों की जान बचती भी है। साथ ही रक्तदाता को शारीरिक दृष्टिकोण से काफी फायदा होता है। कहा कि आगे युवाओं को रक्तदान के लिए जागरूक भी करेंगे। समाज सेवी मनोज पटेल ने कहा कि युवा रक्तदान करने के लिए आगे आए। रक्तदान करने से किसी प्रकार की शारीरिक परेशानी नहीं होती है। कहा कि खासकर युवा रक्तदान खुद करें और अपने दोस्तों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें। लोगों द्वारा दिया गया रक्त किसी की जिंदगी बचा सकती है। इसलिए सभी को मिलकर रक्तदान करना चाहिए।

- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रसेला में रक्तदान कर लोगों ने दिया महादान का संदेश

शिविर में 20 लोगों ने रक्तदान के लिए पंजीकरण करवाया। आवश्यक जांच के बाद लोग रक्तदान कर पाए। रक्तदान करने वाले स्वास्थ्य महिला नर्स लक्ष्मी लाहिरी, सरपंच बिगेन्द्र ठाकुर, कमलेश चक्रधारी फार्मासिस्ट, देवेश ठाकुर, तेज़ ठाकुर, लक्ष्मीकांत सिन्हा, रघुनाथ वर्मा, नुतन निषाद, पप्पू ख़ान, रमेश पैकरा, धनंजय यादव, संतोष कहर, राजा सिन्हा, नवाजुद्दीन खान, भोजराज नागेश सहित रक्तदाताओं ने अपने रक्त का दान किया गया। रायपुर से रेड क्रॉस ब्लड सेन्टर के टीम देवेन्द्र दुबे, पूजा निराला, सरस्वती साहू, लोकेश मिरी सहित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। रक्तदाताओं के लिए ग्राम पंचायत के द्वारा केला और दयाराम नागेश की ओर से सन्तर फल की उचित व्यवस्था की गई। ग्राम पंचायत और समस्त ग्रामवासी ने कहा आप सभी का तहे दिल से आभार और आशा करते हैं कि भविष्य में ऐसे ही आप सभी का सहयोग बना रहे।

# सीआरपीएफ के चिकित्सा शिविर का 70 लोगों ने लिया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर क्षेत्र के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र जिला गरियाबंद में 65 बटालियन के एफ़ ओ़ बी़ कैंप, छिंदौला, में भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत सी आ र पी ए फ रायपुर रेंज के पु लि स उपमहानिरीक्षक विजय शंकर पांडेय व 65 वी वाहिनी के कमांडेंट राधे श्याम सिंह के निर्देशन/उपस्थिति में छिन्दौला में सिविक एक्शन व निःशुल्क चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें फरसरा, खोला, दबनई के गांवो से भारी संख्या में महिलाएं, बच्चे एवं बुजुर्गो ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। साथ ही बटालियन के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अनुभव गौड द्वारा ग्रामीणों को निःशुल्क निःशुल्क चिकित्सीय परीक्षण व निःशुल्क दवाईयां वित्तरित की गई। ग्रामीणों में महिला, बच्चे व बुजुर्ग सभी लगभग 60 से 70 लोगों ने हिस्सा लिया जिसमे 30 लोगों का ब्लड सैंपल लेकर चिकित्सीय जांच किया गया व 45 लोगों को जरूरत के अनुसार दवाई का वितरण किया गया। इसके अलावा ग्रामीणों को कमांडेंट 65 वी वाहिनी द्वारा भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी व लाभ के बारे में बताया गया। साथ ही जरूरत के समान भी उपलब्ध करवाए गए। बटालियन के कमाण्डेन्ट राधे श्याम सिंह ने नक्सलियों द्वारा की जा रही गतिविधियो के संबंध में अवगत करवाते हुए आसपास के ग्रामीणों को भयमुक्त जीवन यापन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया एवं साथ ही उन्होने केरिपुबल की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए स्थानीय ग्रामीणों की हरसंभव मदद करने का भरोसा दिलाया।

- 45 लोगों को दवाई का वितरण किया गया



**नक्सली गतिविधियों को उजागर करने में कारगर सिद्ध हो रहा**

इसके अतिरिक्त बटालियन के कमाण्डेन्ट ने बताया की बटालियन के जवानों द्वारा समय समय पर इस प्रकार आयोजन किये जाते रहे हैं जो एक ओर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल एवं स्थानीय जनता / ग्रामीणों के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने में सहायक है। वहीं दूसरी ओर नक्सलीयों द्वारा की जा रही गतिविधियों को उजागर करने में भी कारगर सिद्ध हो रहा है। कमाण्डेन्ट महोदय द्वारा बताया गया की भविष्य में भी हम नक्सल प्रभावित इलाकों के ग्रामीणों के विकास के लिए हमेंशा सहयोग करते रहेंगे, और अपने एरिया के विकास की जैसे रोड, बिजली, पानी, अन्य विकास जल्द से जल्द आप सब तक पहुंचे प्रतिबद्धता जताई, साथ ही ग्रामीणों से अपील भी की गई कि वे बल के जवानों से बेहतर ताल-मेल बनाए रखें। कार्यक्रम में श्री राधे श्याम सिंह, कमाण्डेन्ट के अलावा श्री सुधेंद्र सिंह, उप कमाण्डेन्ट, श्री अनुभव गौड़ वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, निरिक्षक जयपाल सिंह, निरिक्षक गगन एवं अन्य जवान भी मौजूद रहे।

# हेमंत ने स्वयं का कम्प्यूटर सेंटर किया स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

राज्य और केन्द्र सरकार की योजनाओं से अब लोग स्वरोजगार की ओर अग्रसर हो रहे है। गरियाबंद जिले के ग्राम बेंदकुरा निवासी हेमंत कुमार साहू ने प्रधानमंत्री सृजन योजना का लाभ लेकर अपने व्यवसाय को ईमानदारी पूर्वक संचालित कर रहे है। श्री साहू ने बताया कि वह डिप्लोमा इन कम्प्युटर प्रोग्रामिंग एप्लीकेशन कोर्स करने के बाद स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने के बारे में सोचा करते थे। लेकिन उनके पास पर्याप्त पूंजी नहीं होने के कारण उन्होंने लोन के लिए बैंक से सम्पर्क किया। बैंक द्वारा जानकारी दी गई कि जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, गरियाबन्द में स्व-रोजगार के लिए प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम संचालित है। उनकों जानकारी मिलने उपरांत वे संयुक्त जिला कार्यालय स्थित जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र पहुंचे। जहां उन्हें सहायक प्रबंधक, श्री रविशंकर ध्रुव ने इस योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। जिससे वे काफी प्रभावित हुए। जानकारी प्राप्त करके उन्होंने व्यवसाय के लिए प्रोजेक्ट व आवश्यक दस्तावेज तैयार कर ऑनलाईन आवेदन किया।



**20 से 25 हजार रुपए की आय प्राप्त हो रहा-** विभाग द्वारा ऑनलाईन आवेदन का सत्यापन कर प्रकरण को भारतीय स्टेट बैंक शाखा गरियाबन्द को प्रेषित किया गया। जिसमें बैक द्वारा उन्हें 3 लाख 80 हजार रूपये का ऋण दिया। बैंक से ऋण प्राप्त कर उन्होंने जिला मुख्यालय स्थित गौरव पथ मार्ग में मेसर्स-मॉ कम्प्यूटर के नाम से कम्प्यूटर सेन्टर स्थापित किया। जिसमें च्वाईस सेन्टर संबंधित सभी ऑनलाईन कार्य करते है, साथ में फोटो कापी एवं कम्प्यूटर रिपेयरिंग का कार्य भी करते है। श्री हेमंत कुमार साहू ने बताया कि उन्हें शासन द्वारा 1 लाख 40 हजार रूपये का मार्जिन मनी अनुदान भी प्राप्त हुआ। शासन की इस योजना से उन्हें रोजगार प्राप्त किया। साथ ही साथ 02 लोगों को रोजगार प्रदान कर रहा हूं। अब वह महीने में लगभग 20 से 25 हजार रुपए की आय प्राप्त कर रहे हैं, जिससे वह न केवल अपने परिवार की आवश्यकताएं पूरी कर रहे हैं, बल्कि नियमित रूप से बैंक का ऋण भी चुका रहे हैं। वे इस व्यवसाय से काफी खुश है। साथ ही खुशहाली से अपने घर-परिवार के साथ जीवन-यापन कर रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना ने स्वयं का उद्यम स्थापित करने में महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ।




**: शपथ पत्र :**

मैं प्रदीप कुमार सेन उम्र 43 वर्ष पिता श्री गैंद लाल सेन जाति- नाई निवासी बिजली तहसील व वि.स. फिंगेश्वर जिला गरियाबंद (छ.ग.) शपथ पूर्वक कथन करता हूँ :-

(1) यह कि मेरा नाम उम्र पिता का नाम जाति एवं पता उपरोक्तानुसार है।
(2) यह कि मेरे पुत्री के आधार क्र.- 4669 5704 4132 है जिसमें पुत्री का नाम बीना सेन है जो कि गलत है।
(3) यह कि मेरे पुत्री के अंकसूची एवं जन्म प्रमाण पत्र में उनका नाम वीणा सेन है।
(4) यह कि मेरी पुत्री की सही एवं वास्तविक नाम वीणा सेन है उसे इसी नाम से जाना पहंचाना व पुकारा जायें एवं उनके सभी दस्तावेज में उनका सही नाम दर्ज किया जावें।
(5) यह कि शासकीय बजट प्रकाशन में उनकी सही एवं वास्तविक नाम वीणा सेन दर्ज करवाना चाहता हूँ।
(6) यह कि शपथ पत्र श्रीमान सक्षम अधिकारी महोदय शासकीय मुद्राणालय राजिम छ.ग. के समक्ष प्रस्तुत है। शपथकर्ता

**- सत्यापन -**

मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र की कंडिका 1 से 6 तक लिखी बाते सत्य व सही है हस्ताक्षर कर सत्यापित कर दिया।

स्थान:- राजिम
दिनांक- 16/12/2024
प्रदीप कुमार सेन
शपथकर्ता

# श्रद्धा और भक्ति के बिना ज्ञान की नहीं होती है प्राप्ति : सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

ग्राम चरौदा में मानस पथिक के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय संगीतमय मानस का विशेष व्याख्यान का शुक्रवार को कलशयात्रा के साथ शुभारंभ किया गया। महिलाएं, युवतियां, बालिका सिर पर कलश धारण कर गांव को भ्रमण किया गया। कार्यक्रम स्थल मानस प्रचार प्रसार मंच परिषर पहुंचे। युगल किशोर किशोर सिन्हा अन्य ने उनकी आरती उतार स्वागत किया। प्रथम दिन 5 बजे सर्वप्रथम थनेश्वर सिन्हा छुईहा की मंडली, खुमान साहू मानस मंडली कौंदकेरा एवं लावण्या निधि बालिका मानस परिवार परदेशी सिन्हा राजकुमार यादव जमाही कृत की प्रस्तुति दी। वहीं 21 दिसम्बर को विशेष



आमंत्रित मानस मर्मज्ञ शशिकला साहू, फनेश्वरी यादव, रानी साहू कामना साहू, युगल साहू, पुष्पा सेन सहित को द्वारा मिले प्रसंग पर व्याख्यान होगा। लावण्या व निधि दोनों नन्ही सगे बहन अपने पिता राजकुमार यादव जमाही व्याख्याकार परदेशी राम सिन्हा के साथ शानदार मंच में प्रेरक भजन प्रस्तुति दी। दर्शकों ने ताली बजाकर उत्ताह वर्धन किया। भजन ने सबको भावविभोर कियावही व्याख्याकार मानस वक्ता परदेशी सिन्हा ने कहा की श्रद्धा और भक्ति के बिना ज्ञान की प्राप्ति नहीं होती है। इसके लिए संत्संग की आवश्यकता है। मानस पथिक परिवार द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम सार्थक प्रयास है। भक्ति भय से नहीं श्रद्धा और प्रेम से होती है। भय से की गई भक्ति में भाव तो कभी जन्म ले ही नहीं सकता और बिना भाव के भक्ति का पुष्प नहीं खिलता। श्रद्धा के बिना ज्ञान प्राप्त हो ही ना पायेगा। इस मौके पर युगल किशोर सिन्हा, भगवान सिंग, पुनम ध्रुव लालजी, बिसम्भर ध्रुव, घनश्याम ध्रुव, खोरबाहरा सिन्हा राजकुमार ध्रुव, रजाऊ ध्रुव, मानिक राम, इंदू सिन्हा, गणेशिया, रामलाल, विनोद, श्याम दिवान, मोहन मंच संचालक ईतवारी सिन्हा, दुर्गा प्रसाद सिन्हा, योगेश साहू, सन्नी सिन्हा उपस्थित थे।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### जीवन में कम्प्यूटर का अत्यधिक महत्व है

**मैनपुर।** नवीन शासकीय महाविद्यालय मैनपुर में हमर लाईफ स्टाइल व कम्प्यूटर विषय पर संगोष्ठी का आयोजन आईक्यूएसी के तत्वाधान एवं डॉ. बीके प्रसाद की अध्यक्षता में किया गया। शौर्य कम्प्यूटर ऐजुकेशन संस्था मैनपुर के कम्प्यूटर प्रशिक्षक नेहा चौहान व नीता ध्रुव ने कम्प्यूटर के महत्व पर सविस्तार व्याख्यान में बताया कि चाहे ऑफिस, बैंक, हास्पिटल, मॉल हो घर हर जगह हमें कम्प्यूटर की जरूरत पड़ती है। आज के आधुनिक युग में कम्प्यूटर के बिना किसी भी कार्य पूरा करने बहुत अधिक समय लगता है। कम्प्यूटर के प्रशिक्षण लेने से कई प्रकार के रोजगार प्राप्त किया जा सकता है, दैनिक जीवन में कम्प्यूटर का बहुत अत्यधिक महत्व है। प्राचार्य डॉ. बीके. प्रसाद ने कम्प्यूटर के महत्व को साझा करते हुए कहा कि कम्प्यूटर की उपयोगिता दिनों-दिन बढ़ती जा रही है चाहे कार में लगाने वाला चिप हो या एआई हो। सभी क्षेत्र में कम्प्यूटर आवश्यक हो गया है ।कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक जयश्री वर्मा, संजय रामटेके, मोहित कुमार साहू, माधुरी साहू, शीतल तभाने एवं मयंक नेताम, राहुल मार्कण्डेय एवं महाविद्यालय के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### मोटराइज्ड ट्रायसायकल मिलने से आत्मनिर्भर बने टिकेश्वर पटेल

**महासमुंद।** पिथौरा के ग्राम अठारहगुढ़ी निवासी टिकेश्वर पटेल, जो 80 प्रतिशत अस्थि बाधित हैं, उनका जीवन एक समय में दूसरों पर निर्भर था। अपने गांव से बाहर निकलना उनके लिए चुनौतीपूर्ण था, जिससे वे सीमित अवसरों और निराशा से घिरे रहते थे। उनके जीवन ने तब नया मोड़ लिया जब उन्हें समाज कल्याण विभाग की मोटराइज्ड ट्रायसायकल योजना की जानकारी मिली। उन्होंने तुरंत आवश्यक दस्तावेज़ तैयार कर आवेदन प्रस्तुत किया। उनकी समस्या को समझते हुए प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की और 16 जुलाई 2024 को कलेक्टर लंगेह के हाथों उन्हें मोटराइज्ड ट्रायसायकल प्रदान की गई। ट्रायसायकल ने पटेल के जीवन को पूरी तरह बदल दिया। अब वे स्वतंत्र रूप से गांव और आसपास के इलाकों में मौसमी साग-सब्जी और मशरूम बेचने का काम कर रहे हैं। यह ट्रायसायकल उनके लिए सिर्फ एक साधन नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन गई है। उनका व्यवसाय बढ़ने से न केवल उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ, बल्कि उनका आत्मविश्वास भी कई गुना बढ़ गया। टिकेश्वर पटेल ने अपनी सफलता का श्रेय जिला प्रशासन और समाज कल्याण विभाग को दिया।

### राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता के खिलाड़ियों का चयन

**महासमुंद।** उत्तर पूर्वी कराते प्रतियोगिता चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी मोहाली पंजाब में आयोजित होने जा रहा है। जिसमें पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर से 8 कराते खिलाड़ियों का चयन ऑल इंडिया के लिए हुआ। जिसमें महासमुंद के 2 खिलाडी कुमिते प्लस 84 किलो देवकुमार साहू एवं पुरुष टीम काता में प्रवीण कुमार मलिक महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय महासमुंद शामिल है। चयनित खिलाड़ी 15 जनवरी 2025 से 18 जनवरी को महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय रोहतक हरियाणा में कोच लालू सोनवानी के साथ शामिल होंगे।

**कार्यक्रम :** किसानों से 31 सौ रुपए क्विंटल में हो रही धान खरीदी, हर गरीब को मिलेगा पक्का आवास

# समाज को बाबा के पथ पर चलकर मिलेगी तरक्की : रोहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

गुरु घासीदास बाबा के 268वीं जयंती पर 18 दिसंबर को मुख्यअतिथि के आसंदी से राजिम विधायक रोहित साहू, प्रमुख अतिथि पूर्व सांसद चंदूलाल साहू ने बाबा के मंदिर मे पहुंचकर माथा टेका एवं पूजा अर्चना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रोहित साहू ने कहा कि बाबा के बताए गए रास्ते पर हम सभी को चलना होगा। जयंती पर हम सभी समाज मिलजुलकर आपस मे भाईचारा के भावना से भव्य कार्यक्रम आयोजित करे। भोग भंडारा का कार्यक्रम रखे। बुराईयों को त्याग कर अच्छाईयों को ग्रहण करें। बाबा के बताए गए सतमार्ग को हम सभी अपने जीवन में उतार ले तो निश्चित ही हर मानव में आध्यात्मिक एवं

**सतनामी समाज ने गुरुघासी दास जयंती मनाई**





सामाजिक विकास संभव है।प्रदेश की विष्णु सरकार ने गांव गरीब किसानों के लिए मोदी की गारंटी योजना को सरकार बनते ही क्रियान्वन प्रारंभ किया है। किसानों के धान को 31 सौ रुपए क्विंटल में ले रही हैं। हर गरीब आदमी को आवास का लाभ दिया जायेगा जिसके पास मकान नहीं है उसे मकान मिलेगा। उन्होंने प्रदेश सरकार की योजनाओं को बताया और कहा कि आपके नगर के लिए भी 1 करोड़ से अधिक की राशि का काम स्वीकृत कराये गये हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुजलाल बंजारे ने किया। वहीं पर विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यादव, उपाध्यक्ष रूखमनी मांडले, सकुन लाल खुंटे, पार्षद नरेश लहरे, बेनी प्रसाद सोनवानी, पन्नालाल बंजारे, मनीष हरित, राजू साहू, पार्षद दीपक श्रीवास, गैंदलाल मांडले, संतोष मांडले, खिलावन सतनामी, श्यामसुंदर बंजारे, कुमार मांडले आदि सहित सतनामी समाज के लोग शामिल हुए।

# हमें सत्य, अहिंसा और समानता से जीने प्रेरित करते है गुरु घासीदास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

संत शिरोमणि परम पूज्य गुरु घासीदास जयंती समारोह 18 दिसंबर को ग्राम द्वारतरा में मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि माननीय पन्ना लाल ध्रुव प्रांताध्यक्ष आदिवासी समाज, अध्यक्षता तारिणी ध्रुव सरपंच द्वारतरा विशेष अतिथि मोहन ठाकुर सेवा निवृत्त शिक्षक, संतोष कुमार सिन्हा, हेमलाल मरकाम, सल्टू राम यादव, भुवन लाल ध्रुव, मीना बघेल उपसरपंच कृष्ण कुमार गिलहरे एवं कार्यक्रम का संचालन देव नारायण टंडन ने किया। मुख्य अतिथि पन्ना लाल ध्रुव ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की जयंती आज हम सब बड़ी धूमधाम से मना रहे हैं गुरु घासीदास बाबा केवल सतनामी समाज के गुरु नहीं है बल्कि सभी समाज के गुरु थे बाबा जी मनखे मनखे एक समान का नारा दिया जिसका मतलब सभी मनुष्य एक है सभी मनुष्य का खुन लाल है जिस समय गुरु घासीदास बाबा का जन्म हुआ उस समय उच निच, छुआ छूत चरम पर था बचपन से ही बाबा जी सत्य अहिंसा के पथ पर चलते हुए सभी मनुष्य को सत्य, अहिंसा, समानता के रास्ते पर चलने को कहा। माता



अमरौतिन पिता माहगु दास के घर में जन्मे और पले-बढ़े हैं गिरौदपुरी में भव्य मंदिर निर्माण किया गया है जहां पर हर साल मेला लगता है इस कार्य क्रम में सतनामी समाज के मुखिया गीता राम गिलहरे, रूपनरायण मांडले उपाध्यक्ष, दीपक गिलहरे, बुधारु राम मन्नडे, श्रवण बघेल, मिथलेश कुमार गिलहरे, देवकरण मन्नाडे, रोहित गिलहरे, डोलू बघेल, सुनील कुमार गिलहरे एवं सतनामी समाज व द्वारतरा के सभी लोग उपस्थित रहे।



# गुरु घासीदास बाबा की जयंती में शामिल हुईं पंचायत सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

जिला पंचायत सदस्य रानी पटेल क्षेत्र के ग्राम पंचायत गौरभाट तोरला में बाबा गुरु घासीदास जयंती में शामिल हुई। इस अवसर पर उन्होने कहा कि बाबा गुरू घासीदास ने मानव समाज को अंधकार से निकालकर सभी के जीवन को प्रकाशमय किया और सामाजिक, आर्थिक, विषमता, शोषण, जातिवाद को समाप्त करके मनखे-मनखे एक समान का संदेश दिया। कहा कि बाबा का जीवन ना सिर्फ छत्तीसगढ़ की धरती के लिए अपितु पूरे मानव समाज के लिए उत्थान एवं कल्याण का प्रेरक संदेश देता है। उनके जन्मदिन को गुरु पर्व के रूप में मनाया जाता है। जिला पंचायत सदस्य रानी पटेल ने समस्त मानव समाज को बाबा जी के दिखाए मार्ग पर चलने के लिए आह्वान किया। तथा सतनाम समाज के लोगों के सुख, शांति,समृद्धि,सुखमय एवं मंगलमयजीवन की कामना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक इंद्रकुमार साहू ,जितेंद्र बंजारे अध्यक्ष सतनामी समाज,खेमराज कोसले सदस्य जिला पंचायत रायपुर, राजू बारले उपाध्यक्ष जनपद पंचायत अभनपुर, किशोर साहू सदस्य जनपद पंचायत आरंग, रविंद्र चंद्राकर सदस्य जनपद पंचायत आरंग,केजूराम पटेल, चिम्मन साहू, ओंकार साहू, हरिश्चंद चंद्राकर, बिरसिंग साहू, नारायण साहू, तोषण साहू, राधाकृष्ण टंडन, इंदल कोसले, ओकेश नारंगें, ज्ञानेश्वर माहेश्वरी, ओंकार बंजारे किरण गिलहरे सदस्य जनपद पंचायत अभनपुर, दयाराम जांगड़े, राधेश्याम बंजारे, रुपेंद्र बंदे एवं समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## पूर्व सीएम बघेल से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष की मुलाकात...



**राजिम।** प्रदेश के पूर्व सीएम भूपेश बघेल से मुलाकात करने एक प्रतिनिधिमंडल के साथ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भावसिंह साहू राजधानी रायपुर गए। उन्होने ग्राम पंचायत सीनापाली में नवीन बैंक शाखा खोलने के संबंध में जानकारी देते हुए अवगत कराया। इसके अलावा जिले के राजनीतिक मुद्दो पर भी चर्चा किया।

# बोईरडीही में 7 लाख के सीसी रोड का भूमिपूजन

**रसेला।** ग्राम पंचायत कनसिघी के पारा बोईरडीही में 19 दिसंबर को ग्राम पंचायत के सरपंच पीलीबाई कुंजाम, ग्राम पटेल गोवर्धन नागेश, ग्रामीण अध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर, पुसउ ध्रुव, लगन ध्रुव, रायसिग नायक, छोटेलाल कौशिक सहित सभी पारावासियो व ग्राम प्रमुख के हाथों विधिवत पूजा अर्चना कर 7 लाख सीसी रोड का भूमिपूजन किया गया। पारावासियो के मांग पर सरपंच पीलीबाई कुंजाम ने निर्माण जल्द प्रारंभ करने की बात कही गई है। ज्ञात हो कि बोईरडीही पारा के गली में सीसी रोड निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों को बारिश के समय में काफी असुविधा होती थी। अब निर्माण होने पारावासियो को आने जाने में सुविधा मिलेगी। ग्रामीणों द्वारा लंबे अरसे से सीसी रोड निर्माण की मांग की जा रही थी। आम जनता तक



बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने ग्राम पंचायत निरंतर कार्य कर रही है। पंचायत के द्वारा गांव की ग्रामीणों से जुड़ी हर समस्या का निवारण करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। सरपंच पीलीबाई कुंजाम ने कहा कि जनता को ज्यादा से ज्यादा सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है, चाहे वह स्वास्थ्य हो, शिक्षा हो या रोजगार देने की निरंतर प्रयास किया गया है। जनमानस की आवश्यकताओं की पूर्ति करने प्रयासरत हैं। इस मौके पर पंचगण लालसिंह, दुबे ध्रुव, विनोद नेताम, पुजेरी निषाद, ग्राम प्रमुख कुशल ध्रुव, युधिष्ठिर कहार, लिलेश कहार, मदनलाल ध्रुव सहित पारावासियों उपस्थित थे।




# पदाधिकारियों की एकता विकास का परिचायक : धनेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू ने ग्राम पंचायत परसदा में विभिन्न निर्माण कार्य, साहू भवन, महिला भवन, विश्वकर्मा भवन का लोकार्पण करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत के पदाधिकारियों की एकता एवं सामंजस्य ही विकास का परिचायक है। आज जो ग्रामों में विकास कार्य दिखाई दे रहा है। वह पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की देन है। कहा कि सरकार बदलने से प्रदेश एवं क्षेत्र की जनता के अपेक्षा के अनुरूप गांवो में विकास कार्य देखने



को नही मिल रहा है। भाजपा सरकार कभी भी गरीब, मजदूर ,किसानो की नही हो सकती है। आज प्रदेश के किसान अपने फसल को बेचने के लिए टोकन पद्धति के कारण कई दिनों से आस लगाए बैठी है। खरीदी केंद्रो में बोरा का उठाव नही होने के कारण जगह का अभाव हो गया है जिसके चलते किसानो को परेशानियां हो रही है। गरीब मजदूरों को हमारे सरकार द्वारा अनेकों योजनाओं में श्रमिक मजदूर न्याय योजना के अंतर्गत सालाना 7 हजार रु दिया जा रहा था। प्रदेश के किसानो की फसल सुरक्षा एवं गौमाता की रक्षा के खातिर गौठान निर्माण को बंद कर दिया है जिससे किसान चिंतित है और गौ माता आये दिन सड़को में दुर्घटना की शिकार हो रही है। आज प्रदेश की स्वाथ्य शिक्षा एवं पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं पूरी तरह ध्वस्त हो गया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष देवनंदनी साहू, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष चंद्रहास साहू, ब्लाक कांग्रेस कमेटी नवापारा ग्रामीण के अध्यक्ष गिरधारी साहू, सरपंच माहेश्वरी-तिलक साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

**खबर संक्षेप**

### 6 निर्माण कार्यों के लिए 46 लाख रुपए की मिली प्रशासकीय स्वीकृति

**गरियाबंद।** जिले के प्रभारी मंत्री तथा खाद्य नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री दयालदास बघेल की अनुशंसा पर बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने 6 निर्माण कार्यों के लिए 46 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जनपद पंचायत देवभोग अंतर्गत ग्राम पंचायत दहीगांव अनुसूचित जाति मोहल्ले में प्राथमिक शाला भवन तक सीसी रोड निर्माण, ग्राम पंचायत निष्टीगुड़ा के ग्राम फुलीमुड़ा के राजाराम घर से आंगनबाड़ी केन्द्र तक सीसी रोड एवं ग्राम पंचायत सुपेबेड़ा के जगमोहन घर से मालो तालाब तक सीसी रोड निर्माण हेतु 10-10 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी तरह जनपद पंचायत गरियाबंद अंतर्गत ग्राम पंचायत मरौदा में सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख रूपये व ग्राम चिखली में सीसी रोड निर्माण के लिए 6 लाख रूपये तथा जनपद पंचायत देवभोग अंतर्गत ग्राम पंचायत कुम्हडईखुर्द में सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त निर्माण कार्यो के लिए क्रियान्वयन एजेंसी का दायित्व संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सौंपा गया है।

### व्यवसाय के लिए लिंन प्रोग्राम का आयोजन

**महासमुंद।** महासमुंद में छत्तीसगढ़ औद्योगिक नीति 2024-2030 में चर्चा एवं उद्योग एवं व्यवसाय के लिए लिंन प्रोग्राम पर भी कार्यक्रम रखा गया था। कार्यक्रम में लघु उद्योग भारती के प्रदेश अध्यक्ष ओम सिंघानिया, महासमुंद जिला व्यापार उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक मोहनलाल साहू, एमएसएमई मंत्रालय भारत शासन के योगेश सिंह एवं बिरकोनी औद्योगिक क्षेत्र के अध्यक्ष जितेंद्र चंद्राकर ने अपने विचार रखें।

### बॉटनी की प्रायोगिक परीक्षा 23 व 24 को

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बीएससी प्रथम सेमेस्टर नियमित एवं अमहाविद्यालयीन बॉटनी एव बीए प्रथम सेमेस्टर नियमित एवं अमहाविद्यालयीन की जीई विषय बॉटनी की प्रायोगिक परीक्षा 23 व 24 दिसंबर को सुबह 9 बजे से आयोजित है। उपरोक्त परीक्षा में छात्रों को डिसेक्सन बाक्स, फाइल, प्रोजेक्ट फाईल आदि आवश्यक सामग्री के साथ परीक्षा तिथि में निर्धारित समय के 30 मिनट पूर्व विभाग में उपस्थित होने कहा गया है।

### आत्मानंद अंग्रेजी महाविद्यालय में 21 को प्रायोगिक परीक्षा

**महासमुंद।** जिले के एकमात्र अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम मॉडल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल ने बताया कि 21 दिसंबर 2024 को बीएससी कंप्यूटर साइंस प्रथम सेमेस्टर की एवं बीकॉम, बीए प्रथम सेमेस्टर की जनरल इलेक्टिव विषय कंप्यूटर एप्लीकेशन की प्रायोगिक परीक्षा प्रातः 08:30 बजे आयोजित की जाएगी। जिसमें सभी विद्यार्थियों को उपस्थित होना अनिवार्य है।

**समस्या :** किसानों को रोजाना 5 करोड़ की खरीदी पर केवल 1 करोड़ का हो रहा भुगतान

# घोषणा के बावजूद सीनापाली में नहीं खुली बैंक, पैसे के लिए लग रही है लंबी लाइन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

पिछले चार साल में 30 फीसदी पंजीकृत किसानों की संख्या बढ़ी है। रोजाना 5 करोड़ की खरीदी पर भुगतान केवल 1 करोड़ की हो रही है। सुबह से शाम तक किसान अपनी बारी का इंतजार करते रहते हैं। सहकारी बैंक प्रबंधन ने ज्यादातर किसान सीनापाली में नवीन बैंक शाखा खोलने की आरबीआई की मंजूरी के बावजूद ठंडे बस्ते में डाल दिया। देवभोग जिला सहकारी बैंक के अधीन 10 खरीदी केंद्र आता है जहां 94 गांव के 9780 किसान धान बेचते हैं। रोजाना 1 हजार किसान 4 से 5 करोड़ का धान बेचते हैं, कर्ज कटौती के बावजूद बैंक से कम से कम 3 करोड़ का भुगतान किसानों को लेना होता है। लेकिन बैंकों में 1 करोड़ का भुगतान होते होते पूरा दिन निकल जाता है। सुबह से अपनी बारी का इंतजार करते- करते किसानों की पूरी दिन भुगतना के इंतजार में निकल जाता है। केस किल्लत के चलते देवभोग में बुधवार को भुगतान नहीं हो सका, जिसके कारण आज दूसरे दिन आज बैंक किसानों से भर गया। बैंक के भीतर, प्रांगण के अलावा सड़को में भी किसान भुगतान के लिए इंतजार करते दिखे। भुगतान को लेकर किल्लत गोहरापदर सहकारी बैंक में भी हैं, यहां बैंक के बाहर साप्ताहिक बाजार जैसा माहौल रहता है। चार साल में 30 फीसदी बढ़ा पंजीकृत किसानों की संख्या-2020 में देवभोग ब्रांच के पंजीकृत कृषकों की संख्या 6 हजार से भी कम थी वर्तमान में 9700 से पार हो गई है। एक मुश्त कर्ज माफ योजना के बाद पंजीकृत किसानों की संख्या सभी जगह बढ़ी, समर्थन मूल्य में मिलने वाले बोनस मिलते ही कृषि के प्रति रुझान बढ़ गया।सहकारिता बैंक पर किसानों की निर्भरता भी बढ़ गई, लेकिन समय के साथ बैंकों को अपग्रेड नहीं किया गया, जिसके चलते समर्थन मूल्य खरीदी योजना से जुड़े कृषकों को भुगतान के समय कई परेशानी का सामना करना पड़ता है।



**स्टाफ की कमी थी, दोबारा मांगी है अनुमति**

मामले में जिला सहकारी बैंक रायपुर की सीईओ अपेक्षा व्यास ने कहा कि तब स्टाफ की कमी थी, अब भर्ती हो गई है। आरबीआई को दोबारा पत्र लिख अनुमति चाही गई है। जल्द ही प्रकिया शुरू कर दिया जाएगा। भुगतान की समस्या को लेकर सीईओ अपेक्षा व्यास ने कहा कि प्रत्येक ब्रांच में एटीएम, कई खरीदी केंद्रों में माइक्रो एटीएम खोली गई है। यूपीआई व ऑन लाइन बैंकिंग से भुगतान की प्रकिया का प्रावधान है। जगह- जगह शिविर लगाकर कृषकों को इन भुगतान पद्धति से अवगत भी कराया जा रहा है।

**मंजूरी के बावजूद नहीं खुली सीनापाली की नवीन शाखा**

किसान नेताओं की मांग पार भूपेश सरकार ने 6दिसंबर 2022को सीनापाली में सहकारी बैंक खोलने की घोषणा कर दिया। इसके खुलने से 12पंचायत से जुड़े 30 से भी ज्यादा गांव का भार देवभोग ब्रांच से कम हो जाता। जिला सहकारी बैंक रायपुर कार्यालय ने 30 जुलाई 2024 को गोहरापदर ब्रांच को पत्र लिख, आरबीआई से मिली मंजूरी का हवाला देकर स्थल चयन का निर्देश दिया। चयन प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई, लेकिन अचानक बैंक खोलने की प्रकिया शिथिल कर दिया गया। इससे क्षेत्र के किसानों में आक्रोश भी है। किसान प्रतिनिधि हरीश चन्द्र नागेश, त्रिनाथ मांझी, रोहित पटेल, शंकर सोनी, प्रेम लाल साहू, तुलसिंह मांझी, प्रमोद यादव, सुधीर अग्रवाल, तुलसी मांझी, रूपेन्द्र साहू, प्रमिला ने कहा कि मंजूरी मिली बैंक को नहीं खोला गया तो आगे इसके लिए सड़क की लड़ाई लड़ेंगे।

## दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि होंगे राज्यपाल रामेन डेका

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय नवापारा (कोसमी) का द्वितीय दीक्षांत समारोह 24 दिसम्बर को मनाया जाएगा। सुबह 11 बजे से विश्वविद्यालय के परिसर में आयोजित इस दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाध्यक्ष महामहिम रामेन डेका जी करेंगे। इस कार्यक्रम में दीक्षान्त भाषण मुख्य वक्ता लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. अशोक जिंदल कार्यपालक निदेशक एवं सीईओ अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर देंगे तथा अतिविशिष्ठ अतिथि के रूप मेंश्री विष्णु देव साय मुख्यमंत्री छतीसगढ़ शासन भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। दीक्षान्त समारोह को लेकर विश्वविद्यालय में तैयारियाँ पूरे जोरों पर चल रही हैं। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बीपी भोल ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में विद्यार्थियों की विशिष्ट उपलब्धियों के लिए उन्हें विश्वविद्यालय द्वारा पुरुस्कार दिए जायेंगे। विश्वविद्यालय ने शिक्षा, नवाचार और अनुसंधान के क्षेत्र में उत्कृष्टता स्थापित किया है। इस समारोह का उद्देश्य छात्रों की शैक्षणिक उपलब्धियों का सम्मान करना और उन्हें अपने करियर की नई ऊंचाइयों पर पहुंचने के लिए प्रेरित करना है। गौरतलब है कि इस समारोह में महामहिम द्वारा सत्र 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 के छात्रों को उपाधि प्रदान की जाएगी। इस दीक्षांत समारोह में शोधकार्य पूर्ण कर चुके शोधार्थियों को विद्यावाचस्पति की उपाधियां प्रदान की जाएंगी तथा पत्रोपाधि, स्नातक एवं स्नाकोत्तर का पाठ्यक्रम पूर्ण कर चुके छात्र-छात्राओं को उपाधियाँ दी जाएगी। इसके साथ ही स्नातक, स्नाकोत्तर एवं पत्रोपाधि में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को स्वर्ण पदक दिए जायेंगे।



## भाजपा मंडल मैनपुर की जिम्मेदारी युवाओं के हाथों, संतोष बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

जिले के मैनपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष पहलीबार युवा नेतृत्व के हाथों सौंपा गया है। मैनपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष यादव को चुना गया। शुक्रवार दोपहर 2.00 बजे के आसपास तहसील मुख्यालय स्थित साहू सदन भवन में भाजपा चुनाव प्रभारी पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश साहू की उपस्थिति में भाजपा मंडल अध्यक्ष चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ किया गया। जिसमें ग्राम जाड़ापदर निवासी संतोष यादव को भाजपा मंडल मैनपुर अध्यक्ष चुना गया। नवनियुक्त भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष ने कहा की भारतीय जनता पार्टी द्वारा उन्हे जो जिम्मेदारी दिया गया है उसमें पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करूंगा। भाजपा संगठन को पूरे मंडल में और अधिक मजबूत बनाने के साथ भाजपा सरकार की योजनाओं को गांव के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाने प्रयास किया जायेगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश साहू, कुंजबिहारी बेहरा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, दुलार सिन्हा, रामस्वरूप साहू, दिलीप साहू, मोहित द्विवेदी, महेन्द्र सोनी, तुलसी राठौर, नरोत्तम साहू, लखनगिरी गोस्वामी, बाबूलाल साहू, मोहन कुशवाहा, उपेन्द्र साहू एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



**पार्टी को मजबूती प्रदान करने दो नए मंडल का गठन**

भारतीय जनता पार्टी को बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में मजबूती प्रदान करने के लिए क्षेत्र में दो नया मंडल बनाए गए हैं। जिसका भी मंडल अध्यक्ष का चुनाव आज हुआ है। नया मंडल बिन्द्रानवागढ़ एवं कांदाडोगर बनाया गया है। भाजपा मंडल मैनपुर अध्यक्ष संतोश यादव, देवभोग मंडल अध्यक्ष जगमोहन पटेल, झाकरपारा मंडल अध्यक्ष भगवानो बेहरा, गोहरापदर मंडल अध्यक्ष भोजराज सिन्हा, बिन्द्रानवागढ़ मंडल अध्यक्ष धनराज विश्वकर्मा, कांदाडोगंर मंडल अध्यक्ष नवीन मांझी को नियुक्त किया गया है।

## खेल दिवस समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम व नृत्य ने किया मनोरंजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुरा

खेलकूद और टीम भावना के भव्य उत्सव में, सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम स्कूल ने 17 और 19 दिसंबर को अपना 21वां वार्षिक खेल दिवस आयोजित किया। इस कार्यक्रम में सभी कक्षाओं के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा व प्रतिस्पर्धात्मक भावना का प्रदर्शन किया।

दिन की शुरुआत शानदार मार्च पास्ट से हुई, इसके बाद खेलों के शुभारंभ को चिह्नित करने के लिए मशाल प्रज्वलन किया गया। मुख्य अतिथि सलीम मेमिन अध्यक्ष, एसएमसी सेंट जॉन्स, अतिथि शंकर लाल यादव संकुल समन्वयक, छुरा, विशेष अतिथि शीतल ध्रुव समाजसेवी, छुरा और मिथिलेश सिन्हा योग आचार्य, छुरा ने इस कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज कराई और अपने प्रेरणादायक शब्दों से छात्रों को प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में स्कूल के निदेशक, शैक्षणिक निदेशक, उप प्राचार्य और सभी शिक्षक भी उपस्थित रहे, जिनकी उपस्थिति ने प्रतिभागियों के उत्साह और जोश को और बढ़ा दिया। दिन की मुख्य झलकियों में ट्रैक इवेंट्स, रिले दौड़, रस्साकशी और रचनात्मक टीम गेम्स शामिल थे। विशेष प्रदर्शनों, जैसे एरोबिक्स, योग प्रदर्शन और सांस्कृतिक नृत्यों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम का समापन एक गरिमामय समारोह के साथ हुआ, जिसमें स्कूल का ध्वज उतारा गया, जो कार्यक्रम की समाप्ति का प्रतीक था। सभी उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगान गाकर माहौल को गर्व और एकता से भर दिया।

प्राचार्या बिंदु जॉर्ज जैकब ने छात्रों की उत्कृष्ट प्रस्तुतियों की प्रशंसा की और इस कार्यक्रम को आयोजित करने में स्टाफ के प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया। वार्षिक खेल दिवस ने न केवल स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित किया, बल्कि स्कूल समुदाय को एक साथ लाने का मंच भी प्रदान किया।




### रिकेश बने राजिम मंडल अध्यक्ष

**राजिम।** राजिम के युवा नेता भाजयुमो के पूर्व जिला प्रशिक्षण प्रमुख पूर्व बूथ अध्यक्ष सांसद प्रतिनिधि रिकेश साहू को राजिम मंडल अध्यक्ष बनाया गया है। मंडल अध्यक्ष बनने पर रिकेश को भारतीय जनता पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। बधाई देने वालो में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद रूपकुमारी चौधरी, राजिम विधायक रोहित साहू,पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय,पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा,चुनाव संगठन प्रभारी गोवर्धन मांझी, जिला अध्यक्ष राजेश साहू,भाजपा के वरिष्ठ नेता भागवत हरित, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ रामकुमार साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा -जितेंद्र सोनकर, जिला उपाध्यक्ष महेश यादव,महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजू नायक,जिला महामंत्री पुनीत सिन्हा,पूर्व मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा,पार्षद पूर्णिमा चंद्राकर, सभापति पुष्पा गोस्वामी, भाजपा नेता संजीव चंद्राकर, अधिवक्ता आशीष शिंदे, विकास साहू, मधु नत्थानी, खुशी साहू, टंकू सोनकर, आकाश राजपूत, जितेन्द्र पेंदरिया, लोकेश सोनी, युवराज साहू, मुकेश साहू, सोमनाथ पटेल, संजीव साहू, शरद पारकर, महामंत्री अनिल चंद्राकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष सोमप्रकाश साहू, सागर मयानी, ध्रुव शर्मा, अशोक राजपूत, प्यारेलाल सोनकर, मोहनीश ठाकुर, आशीष पांडे, शत्रुघन धीवर, भारत यादव, भागवत साहू, लिखेश्वर साहू, ओमकार यदु, मनीष साहू, अजय पटेल, अखिलेश गुप्ता, दिनेश साहू,श्याम साहू, राजेश धीवर, मोती साहू, बलराम यादव, विनोद सोनकर, उत्तम धीवर, पुरूषोतम लालवानी, योगेश साहू, कमलनारायण देवांगन, मोहित साहू, देवीचंद साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल है।



## पंकज बने खडमा मंडल अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मुड़ागांव(कोरासी)

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश एवं जिला संगठन के निर्देशानुसार नव गठित मंडल खड़मा का निर्वाचन खडमा में संपन्न हुआ। जिसमें निर्वाचन अधिकारी के रूप में भगवत हरित साथ में पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. रामकुमार साहू एवं जिला उपाध्यक्ष महेश यादव सम्मिलित हुए। निर्वाचन अधिकारी भगवत हरित ने समस्त कार्यकर्ताओं के समक्ष प्रदेश कार्यालय का लिफाफा खोला जिसमें खडमा मंडल के मंडल अध्यक्ष के रूप में पंकज निर्मलकर को एवं जिला प्रतिनिधि के रूप में संदीप पांडेय को नामित किया गया। समस्त कार्यकर्ताओं ने ताली बजाकर इसका समर्थन किया एवं संगठन के आदेश को शिरोधार्य किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष पिलूराम यादव, छत्तर सिंग ठाकुर, प्रकाश सिन्हा किशन कंडरा, गुलशन सिन्हा, यादराम साहू उदय राम साहू, सोमन यदु, राजेश यादव, मीरा ठाकुर, तारिणी ध्रुव, लता साहू, पूर्णिमा कंवर, पुष्पा सिन्हा, निर्मला सिन्हा, धनीराम साहू, लक्ष्मण वर्मा, रूपेश्वर साहू, रमन नामदेव, भुनेश्वर साहू, पुरुषोत्तम गोस्वामी, रवि साहू, अशोक साहू, हीरामन साहू, मुकेश पटेल, वीरेंद्र साहू, कृष्ण पटेल, महेंद्र साहू, भीखम साहू, देवनाथ ध्रुव, मनहरन सिन्हा, भगत सिन्हा, लोकेश छत्रपाल, पुरण कोशले, राहुल मेरी, यशवंत ठाकुर, रामप्रसाद शांडिल्य आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## कृषि कॉलेज के छात्रों ने भविष्य की तैयारी को लेकर कृषि उद्योगों का किया अध्ययन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फिंगेश्वर

कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र फिंगेश्वर के बीएससी कृषि चतुर्थ वर्ष के छात्रों ने ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव (रावे ) कार्यक्रम के अंतर्गत भुसरेगा गांव स्थित हर्ष फार्म और श्री महावीर कोल्ड स्टोरेज, साथ ही भानुशाली एग्रो इंडस्ट्रीज राइस मिल का औद्योगिक भ्रमण किया। इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्रों ने कृषि उद्योगों की कार्यप्रणाली और उनकी प्रबंधन तकनीकों को नजदीक से समझा, जो उनके भविष्य के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगा। इस औद्योगिक भ्रमण का आयोजन डीन डॉ. गिरिजेश शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम समन्वयक लेख राम वर्मा और डॉ. अविनाश गौतम ने छात्रों का नेतृत्व किया और उन्हें उद्योग से जुड़े व्यावहारिक अनुभव प्रदान किए। छात्रों ने राइस मिल और कोल्ड स्टोरेज के संचालन, कृषि उत्पादों के भंडारण, प्रसंस्करण और विपणन की तकनीकों को समझा। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रें को कृषि उद्योग से परिचित कराना और उन्हें व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना था, ताकि वे भविष्य में इन तकनीकों का कुशलतापूर्वक उपयोग कर सकें।इस भ्रमण के दौरान छात्रों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि यह भ्रमण उनके ज्ञानवर्धन और कौशल विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है।




कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
पलकों का न खुलना
टोसिस PTOSIS का ईलाज
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

## एफसीसी क्लब के कामगारों ने कॉलेज में किया श्रमदान



**राजिम।** अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस के अवसर पर एफसीसी क्लब के अध्यक्ष रामकुमार साहू की अध्यक्षता में सभी कारपेंटर ठेकेदार शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय में क्लब के खर्च में प्लाईवुड, सनमाइका, फेविकोल सभी आवश्यक सामग्री लेकर श्रमदान किया। प्राचार्य डॉ. सविता मिश्रा ने क्लब के अध्यक्ष रामकुमार साहू और सभी कारपेंटर ठेकेदार की सराहना करते हुए प्रशंसा प्रमाण पत्र दिया। इस अवसर पर क्लब के संरक्षक धनेश विश्वकर्मा, पीडीलाईट कम्पनी से देव भूषण, लीलाधर सिन्हा, दीनदयाल साहू कोषाध्यक्ष, वासुदेव साहू उपाध्यक्ष, श्याम देव साहू, उमेश साहू, कमलेश ध्रुव, अश्वनी देवांगन, साधु निषाद, भोला साहू, रितेश साहू, प्यारे साहू, संतोष यादव, नरेश साहू, गिरीश साहू, जागेश्वर साहू, भीखम साहू, दिनेश साहू, रोशन साहू, गोविन्द साहू, शामिल थे।

स्वामी जी-93406-38884
10 जनवरी 2025
मकर संक्राति स्पेशल
सारे तीरथ बार बार ... गंगा सागर एक बार
By Train- रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दशमहाविधा, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहाटी
यात्रा दिनांक 10 जनवरी 2025 19 फरवरी 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,500/-, 3AC-28,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
चलो प्रयागराज पवित्र महाकुंभ 2025
नोट-महाकुंभ 2025 के डिलक्स, प्रीमियम पैकेज के लिए संपर्क करें-7354411411
11 जनवरी से 16 जनवरी 2025, 19 जनवरी से 24 जनवरी 2025
27 जनवरी से 01 फरवरी 2025, 01 फरवरी से 06 फरवरी 2025
10 फरवरी से 15 फरवरी 2025, 24 फरवरी से 01 मार्च 2025
शाही स्नान
13 जनवरी 2025 (पौष पूर्णिमा), 14 जनवरी 2025 (मकर संक्राति), 29 जनवरी 2025 (मौनी अमावस्या), 03 फरवरी 2025 (बसंत पंचमी), 12 फरवरी 2025 (माघ पूर्णिमा), 26 फरवरी 2025 (महाशिवरात्रि)
केवल प्रयागराज महाकुंभ 2025 सहयोग राशि- 6001/-
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा Since-2007
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।
CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511